तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025



13 भगवाध्वज से भक्तिमय हुआ शहर, निकाली शोभायात्रा





13 हनुमान प्रकटोत्सव पर मेला एवं रामायण...






## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर निकाली जायेगी शोभायात्रा

**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत सकरी में शनिवार को हनुमान जयंती पर ग्राम के युवाओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी। शोभायात्रा दोपहर तीन बजे शासकीय बालक शाला से बजरंग चौक होते हुए गली भ्रमण करेगी तथा प्रेमनगर मुहल्ला में समापन किया जावेगा। शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी लोगों से भगवा व पीले रंग के वस्त्र धारण कर शामिल होने की अपील युवाओं द्वारा की गई है।

### नगर में असामाजिक तत्वों का आतंक

**भाटापारा।** नगर में अपराधियों के हौसले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। चोरी और असामाजिक गतिविधियों की बढ़ती घटनाओं से आम नागरिकों में भय और आक्रोश है। गन्ना का रस बेचने वाले गजेंद्र दास मानिकपुरी की दुकान को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया। इस घटना में दुकान जलकर खाक हो गई और लगभग 27 हजार का नुकसान हुआ। पीड़ित ने शहर थाना में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। वहीं एक अन्य घटना मुंशी इस्माइल वार्ड की है, जहां के निवासी शुभरतन खान 65 परिवार सहित शादी समारोह में बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके सूने घर को निशाना बनाकर एक जोड़ी चांदी की लच्छ और लगभग 34 हजार रुपये नकद की चोरी कर लिए। दोनों ही मामलों में शहर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि लगातार हो रही चोरी और आगजनी की घटनाओं से आमजन में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों की मांग है कि पुलिस गश्त को सख्त किया जाए और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जाए।

### घटना के बाद था फरार, बैतूल से लौटने के दौरान पुलिस ने दबोचा

# किसान से मारपीट का मुख्य आरोपी रौनक अग्रवाल गिरफ्तार, जेल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/हथबंद

गत दिनों ग्राम खिलोरा में ग्रामीण के साथ की गई मारपीट के मामले में आरोपी राइस मील संचालक रौनक अग्रवाल 26 साल निवासी शीतला पारा वृंदावन कालोनी, तिल्दा को बैतुल से लौटते वक्त गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। गौरतलब है कि मामले में वरिष्ठ जिला पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा घटना के पश्चात से फरार उक्त आरोपी को गिरफ्तार कराने में सहयोग करने वाले को तीन हजार से पुरस्कृत करने की उद्घोषणा की गई थी। इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना के बारे में प्रार्थी द्वारा दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 1 अप्रैल की रात्रि करीबन 12.30 बजे डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम देखकर अपने घर वापस आ रहा था, कि इसी बीच आरोपी शत्रुघन नवरंगे द्वारा जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती उसे अपनी स्कूटी में बैठाकर अपने घर ले जाया गया। घर पहुंचने पर प्रकरण में शामिल आरोपियों द्वारा, प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर, लाठी–डंडा, जूते चप्पल आदि से मारपीट की गई। रिपोर्ट पर थाना हथबंद में बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। पूर्व में प्रकरण में संलिप्त 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, लेकिन प्रकरण में आरोपी रौनक अग्रवाल अभी भी फरार था।

- बैतुल से लौटते समय किया गिरफ्तार



#### अरोपी ने अपराध करना स्वीकारा

इस दौरान पुलिस की अलग–अलग टीमों द्वारा फरार आरोपी रौनक अग्रवाल की पताशाजी एवं उसे गिरफ्तार करने हेतु संभावित स्थलों में लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी बीच पुलिस टीम को सूचना मिली कि आरोपी रौनक अग्रवाल बैतूल मध्य प्रदेश से वापस जिला बलौदाबाजार–भाटापारा की ओर आ रहा है। इसी बीच सूचना पर एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू की पुलिस टीम द्वारा तत्काल संबंधित स्थल पहुंचकर आरोपी रौनक अग्रवाल को हिरासत में लिया। प्रकरण में आरोपी से पूछताछ पर उसके द्वारा प्रकरण के प्रार्थी खोरबाहरा प्रसाद जायसवाल के साथ अश्लील गाली गलौज करते हुए मारपीट कर, उक्त अपराध करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी रौनक अग्रवाल को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# मोहरा में पेयजल संकट, टैंकर से हो रही पानी की आपूर्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम पंचायत मोहरा में इन दिनों भीषण पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में स्थित हैंडपंप और नलजल योजना से जुड़ी जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिसके चलते ग्रामीणों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सरपंच तारणी–जवाहर वर्मा ने त्वरित निर्णय लेते हुए गांव में पेयजल की आपूर्ति हेतु टैंकरों की व्यवस्था करवाई है। गांव के मुख्य चौराहे पर टैंकर से जल वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है, जहां महिलाएं, बुजुर्ग एवं बच्चे बर्तन लेकर कतार में खड़े होकर पानी भरते नजर आ रहे हैं। सरपंच वर्मा ने बताया कि गांव में वर्षों से जल संकट की समस्या बनी हुई है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नवनिर्वाचित प्रतिनिधि होने के नाते उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर पेयजल की समस्या को हल करने का संकल्प लिया है। उनके अनुसार, जब तक स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक टैंकर से नियमित रूप से जलापूर्ति की जाएगी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए सरपंच के प्रति आभार जताया और उम्मीद जताई कि शीघ्र ही स्थायी जल व्यवस्था बहाल की जाएगी। वहीं सरपंच ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मोहरा में पेयजल संकट के स्थायी समाधान हेतु नलजल योजना के पुनः क्रियान्वयन अथवा नई योजना की स्वीकृति जल्द दी जाए।

- लंबी दूरी से पानी लाने ग्रामीण मजबूर

# नौकरी लगाने के नाम पर 21 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रार्थी चंद्रमा साहू निवासी ग्राम कोटियाडीह द्वारा थाना गिधौरी में 2 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम फरहदा खरोरा निवासी आरोपी उमाकांत दीवान द्वारा प्रार्थी की पत्नी को महिला बाल विकास विभाग में सरकारी नौकरी पर्यवेक्षक के पद पर लगाने 5 लाख रूपये लिया है। साथ ही एक अन्य व्यक्ति से पर्यवेक्षक की नौकरी लगाने 5 लाख रूपये तथा



श्रम विभाग में श्रम निरीक्षक की नौकरी लगाने के नाम पर एक व्यक्ति से 11 लाख नगदी एवं चेक लेकर धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में धारा 420 भादवि का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी उमाकांत दीवान को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से ठगी करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी को 10 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**हिरमी-रावन।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सुहेला थाना अंतर्गत 8 अप्रैल को प्रार्थीया थाने में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम मोहरा निवासी साहिल वर्मा इसकी नाबालिग लड़की को मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए जबरदस्ती अपने



मोटरसायकिल में बैठाकर बरडीह रोड ग्राम मोहरा ले गया, जहां नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 64, 64(2)(ड ), 115(2) 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सुहेला निरीक्षक नरेश दीवान के नेतृत्व में मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल वर्मा पिता कमलेश 18 वर्ष को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

### बच्ची से दुष्कर्म का विरोध

# महिलाओं ने निकाला कैंडल मार्च और दी श्रद्धांजलि



**पलारी।** दुर्ग जिले के भिलाई में 6 साल की मासूम से दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में महिलाओं ने कैंडल मार्च निकाल, 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त घटना की निंदा करते हुए महिलाओं ने कहा कि बच्ची के दुष्कर्म और हत्या की घटना अत्यंत ही निंदनीय और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं यह सोचने को विवश करती हैं कि आखिर हमारा समाज किस ओर जा रहा है। मानव के भेष में लोग दानव जैसी हरकत कर रहे हैं। नशापान, संस्कारहीन शिक्षा प्रणाली, ▶▶ शेष पेज 13 पर

# जोगी द्वीप गुर्रा में 54 जोड़ों का सामूहिक विवाह कल से

**अर्जुनी।** गोंड समाज टोनाटार चक द्वारा महू जाहू बारात कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 54 जोड़ों का गोड़ी रीति रिवाज व सांस्कृतिक अनुरूप 12 एवं 13 अप्रैल को जोगी द्वीप गुर्रा में सामूहिक विवाह का आयोजन रखा गया है। गोंड समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ 12 अप्रैल को लोक लहर सुवा पार्टी एवं सांस्कृतिक कला मंच की प्रस्तुतियों से होगा। मुख्य विवाह समारोह 13 अप्रैल को होगा, जिसमें प्रातः 11 बजे ग्राम अर्जुनी से जोगी द्वीप के लिए सामूहिक बैलगाड़ी से बारात प्रस्थान करेगी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल और अध्यक्षता गोंड समाज मावली सभा संगठन मंत्री अमर मंडावी करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं विशेष अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, विधायक इंद्र साव भाटापारा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, भाटापारा जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, सरपंच गुर्रा गंगा गोवर्धन ध्रुव, मावली महासभा अध्यक्ष बंशीलाल नेताम, गणेश सिंह ध्रुव, आयोग सदस्य सहित दौलत कुंजाम श्रीराम मरकाम, श्रीराम ध्रुव, मुरीत राम ध्रुव, आर के कुंजाम, डेनसिंह ध्रुव, नारायण नेताम, हनुमंत ध्रुव, नरेश नेताम, संतराम नेताम, रामसिंग ध्रुव, कल्याण सिंह ध्रुव होंगे।






### सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों ने लवन थाना में की शिकायत

# पंचायत भवन में घुसे असामाजिक तत्व और किया शौच, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

एक तरफ छत्तीसगढ़ में गांव नगर, शहर में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत इन दिनों सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। लोग बड़ी उत्साह के साथ अपनी–अपनी मांग और शिकायत दे रहे हैं। वहीं बलौदाबाजार जिले के महानदी पट से लगा गांव भालूकोना में असामाजिक तत्वों की शर्मनाक करतूत सामने आई है। यहां असामाजिक तत्वों ने पंचायत भवन के अंदर छत से शौचालय की दीवाल से कूदकर सीधे पंचायत भवन में घुसकर शौच कर दिया है। 10 अप्रैल की सुबह चपरासी द्वारा साफ–सफाई के लिए पहुंचने पर मानव मल एवं गंदगी दिखने पर सरपंच भीखम पटेल को फोन कर जानकारी दी गई। इसके पश्चात सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और गांव में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं भी होने लगी।



**सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामीणों ने थाने की शिकायत :** उल्लेखनीय है कि 8 से 11 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत सुशासन तिहार चल रहा है। इस तिहार में ग्रामीणों से मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन लिये जा रहे हैं। पंचायत भवन के मुख्य हाल पर गंदगी कर दिये जाने से सचिव व उपसरपंच कक्ष में 10 अप्रैल को सुशासन तिहार का स्टाल लगाकर लोगों से आवेदन लिया गया। यह आवेदन ग्राम पंचायत स्तर पर हो रहा है, लेकिन ग्राम भालूकोना में असामाजिक तत्व की शर्मनाक करतूत देखने पर गांव में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं हो रही है। इस संबंध में सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामीण मिलकर लवन थाना में शिकायत दर्ज कराये हैं। 11 अप्रैल को लवन थाना से स्टॉफ पहुंचकर जांच कार्रवाई करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया।

#### क्या कहते हैं सरपंच

पंचायत भवन का पीछे तरफ निर्माण कार्य कुछ अधुरा है, शौचालय के ऊपर चढ़कर पंचायत भवन के अंदर अज्ञात व्यक्ति पंचायत भवन में गुरूवार की रात्रि को घुसा होगा, जिसके संबंध में हमने लवन थाना में शिकायत दर्ज करा दिये हैं। दोषी कोई भी होगा कार्रवाई की जायेगी।

# भीषण गर्मी में हीट-स्ट्रोक, प्रभावितों के लिए बना एसी वाला लू वार्ड, ठंडे पानी में नहाने बॉथ टब का इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीषण गर्मी के दौरान हीट-स्ट्रोक का शिकार होने वालों को जिला अस्पताल में होटल जैसी सुविधा वाले वार्ड में भर्ती किया जाएगा। दो बेड के एसी सुविधा वाले इस वार्ड में ठंडे पानी के लिए आरइस मशीन और नहाने के लिए बॉथ टब का इंतजाम भी किया गया है। जिला अस्पताल में हर साल लू वार्ड बनाए जाते हैं, मगर पहली बार इस तरह की अधिक सुविधा जुटाई गई है। अभी राजधानी का तापमान 40-41 डिग्री तक पहुंचा है, जिसकी वजह से लू लगने की शिकायत सामने नहीं आई है। अस्पतालों के मेडिसिन वार्डों में जरूर डिहाईड्रेशन, बुखार, कमजोरी जैसी बीमारी के मरीज दस फीसदी तक जरूर बढ़ गए हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के साथ लू की शिकायत भी बढ़ेगी जिसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न सरकारी अस्पतालों में लू प्रभावितों के इलाज के लिए लू वार्ड बनाया गया है। जिला अस्पताल पंडरी में लू से निपटने के लिए हीट स्ट्रोक रूम बनाया गया है, जहां जुटाई गई सुविधा किसी होटल से कम नहीं है। दो बेड की सुविधा वाले इस वार्ड में रंगीन परदे के साथ एसी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा वहां ठंडे पानी के इंतजाम के साथ आइस बाक्स लगाया गया है। वार्ड में दो बॉथ टब की व्यवस्था की गई है, जिसमें ठंडे के साथ सामान्य पानी की सप्लाई के लिए नल का इंतजाम किया गया है। योजना के मुताबिक इलाज के लिए यहां भर्ती होने वाले लू पीड़ितों को ठंडे पानी में नहाने की सुविधा दी जाएगी। फिलहाल इस वार्ड का उपयोग शुरू नहीं हुआ है, क्योंकि कोई भी लू पीड़ित जिला अस्पताल नहीं पहुंचा है।

- जिला अस्पताल में पहली बार ऐसी व्यवस्था, फिलहाल एक भी भर्ती नहीं
- गर्मी बढ़ने से डिहाईड्रेशन सहित अन्य बीमारी के मरीज दस फीसदी तक बढ़े



### स्वास्थ्य केंद्रों में भी इंतजाम

जिला अस्पताल के साथ जिले के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र और हमर अस्पताल में भी लू प्रभावितों के उपचार के लिए अलग से इंतजाम किया गया है। दो बेड के इस वार्ड में एसी-कूलर का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा दोपहर में ओपीडी में जांच के लिए दूर-दराज से आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए ठंडे पानी के इंतजाम के साथ ओआरएस कार्नर की व्यवस्था की गई, जो मांग पर मरीजों को निशुल्क दिए जाएंगे। अस्पतालों को इस बात की हिदायत भी दी गई है कि आने वाले मरीजों को लू से बचाव के संबंध में जानकारी देकर उन्हें जागरूक भी किया जाए।

### सभी जिला अस्पतालों को निर्देश

जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. स्मृति देवांगन ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार सभी जिला अस्पतालों में लू प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। हीट-स्ट्रोक के दौरान पसीना नहीं निकलने की वजह से शरीर का तापमान बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में बुखार ब्रेन तक जाने की वजह से मृत्यु की आशंका भी होती है। ठंडे पानी से इसे नियंत्रित किया जा सकता है, इसलिए तमाम जिला अस्पतालों में 104 डिग्री टेप्रेंचर वाले लू प्रभावितों के लिए बॉथ टब का इंतजाम किया गया है।

## खबर संक्षेप

### व्यास तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी बिरगांव मंडल द्वारा 6 से 14 अप्रैल तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में दूसरे दिन सोमवार को व्यास तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में बिरगांव मंडल अध्यक्ष योगेश साहू, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल देवांगन, चंदेश्वर पटेल, सुमन सिंह, आनंद सिंह ठाकुर, पिंकू गुप्ता, गोपेश्वर देवांगन, जय देवांगन, मोनू मानिकपुरी, संतोष राव सहित कार्यकर्ता शाामिल थे।

### एसबीआई फाउंडेशन की मदद से हुआ 12 हजार का एक्स-रे

**रायपुर।** उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां रहने वालों की जांच कर आवश्यक उपचार उपलब्ध करो 100 दिन का निक्षय निरामय अभियान एसबीआई फाउंडेशन की मदद से पूरा हुआ। अभियान के दौरान फाउंडेशन के सहयोग से स्कूल संस्था द्वारा संचालित डिजिटल एक्स-रे वैन के माध्यम से लोगों का स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। अभियान के दौरान स्कूल संस्था के द्वारा अपनी एआई- एक्स-रे मशीन के माध्यम से लगभग 12 हजार लोगों के एक्स-रे किया गया। रिपोर्ट संदिग्ध पाए जाने पर,व्यक्ति के बलगम का नॉट टेस्ट कराया गया । टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के उपरांत व्यक्ति को, स्कूल संस्था ने प्रोटीन युक्त आहार और मल्टीविटामिन दवाइयां प्रदान की।

### आप प्रभारी 11 को छत्तीसगढ़ प्रवास पर

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव, राज्यसभा सांसद व छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक 11 अप्रैल को छग प्रवास पर रहेंगे। इसे लेकर प्रदेश स्तर पर तैयारी शुरू हो गई हैं। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी की केंद्रीय कमेटी ने संजीव झा की जगह डॉ. संदीप पाठक जी को छत्तीसगढ़ का नया प्रभारी बनाया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, उनके मार्गदर्शन में पार्टी प्रदेश में तीसरे विकल्प के रूप में उभरेगी। आने वाले दिनों में संगठन विस्तार और मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश स्तर के पदाधिकारी पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे। जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है।

### एमएससी होमसाइंस के परिणाम जारी

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा एमएससी होमसाइंस सहित तीन सेमेस्टर कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। एमएससी होम साइंस फूड साइंस एंड न्यूट्रिशियन प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 12 में से 11 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

## 21 से दिल्ली के जंतर-मंतर में देंगे धरना

# हड़ताली पंचायत सचिवों को सरकार की चेतावनी, 24 घंटे में काम पर लौटे, संघ ने कहा- जारी रहेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे करीब साढ़े 10 हजार पंचायत सचिवों को सरकार ने चेतावनी दी है कि 24 घंटे के भीतर हड़ताल खत्म कर काम पर पर लौटो। इस निर्देश की अवहेलना पर कार्रवाई करने की बात कही गई है। दूसरी ओर पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि हड़ताल जारी रहेगी। यही नहीं, संघ ने ये भी कहा है कि 21 अप्रैल से पंचायत सचिव अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली जाकर जंतर मंतर पर धरना देंगे।

### एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण करें



### संचालक ने जारी किया पत्र

पंचायत सचिवों की हड़ताल के संबंध में संचालक पंचायत ने राज्य के सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि सचिवों की अनिश्चित कालीन हड़ताल से प्रदेश की ग्राम पंचायतों का कार्य प्रभावित हो रहा है। हड़ताल की वजह से ग्राम पंचायतों द्वारा दी जाने वाली अनिवार्य सेवाओं तथा हितग्राहीमूलक शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा हो रही है। इसलिए ग्राम पंचायतों के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए क्या कार्यवाही करना है, ये भी पत्र में साफ किया गया है।

### 24 घंटे में काम पर लौटने की चेतावनी

जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से यह आदेश प्रसारित करने कहा गया है कि हड़ताली पंचायत सचिव 24 घंटे में हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटें। निर्देश की अवहेलना करने पर प्रावधान के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से ये भी कहा गया है कि जिले में काम कर रहे सहायक, आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी, कर्मचारियों को अस्थायी रूप से ग्राम पंचायत सचिव का प्रभार सौंपा जाए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत निधि से राशि आहरण सरपंच तथा नियुक्त किए जाने वाले सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जाए।

### जारी रहेगी हड़ताल, दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

दूसरी ओर छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा है कि हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने ये भी कहा है कि पंचायत सचिव के बदले जिन रोजगार सहायकों को प्रभार देने की बात कही जा रही है, वे वित्तीय कार्य के लिए पात्र नहीं हैं, उन्हें सचिव घोषित नहीं किया जा सकता है। श्री पैकरा ने कहा कि संघ की मैनपाट में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में तय किया गया है संघ के सदस्य 20 तारीख को दिल्ली जाएंगे, वहां 21 अप्रैल से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। हड़ताली पंचायत सचिवों की एक सूत्रीय मांग है कि उनका शासकीयकरण किया जाए। भाजपा ने विधानसभा चुनाव 2023 में मोदी की गारंटी के रूप में शासकीयकरण का वादा किया था। श्री पैकरा ने कहा है कि सरकार मोदी की गारंटी का वादा पूरा करे।

# लाइसेंस नवीनीकरण नहीं, दो आरा मिल सील

- तस्करों से चार ट्रैक्टर लकड़ी जब्त
- तिल्दा क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने जलाऊ के साथ इमारती लकड़ी जब्त की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने बुधवार देर शाम दो आरा मिल को सील करने के साथ तिल्दा क्षेत्र में अवैध तरीके से ले जाई जा रही चार ट्रैक्टर इमारती के साथ जलाऊ लकड़ी जब्त की है।

उड़नदस्ता टीम ने यह कार्रवाई डीएफओ के निर्देश पर की है। वन विभाग की टीम ने पचपेड़ी नाका स्थित जिस आरा मिल को सील किया है, उस मिल संचालक के खिलाफ पिछले चार वर्षों से लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराने का आरोप है। उड़नदस्ता की टीम में शामिल दीपक तिवारी के अनुसार पचपेड़ी नाका स्थित शर्मा आरा मिल के साथ बिरगांव, भूमिया मार्केट स्थित आरा मिल को सील किया गया है। शर्मा आरा मिल के खिलाफ रजिस्टर मेंटेन नहीं करने के साथ ही मिल लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराने का आरोप है। इसी तरह से बिरगांव स्थित आरा मिल के संचालक के खिलाफ बगैर लाइसेंस के आरा मिल में ट्रॉली चलाने का आरोप है। इस वजह से दोनों जगहों की आरा मिल को सील किया गया है। जांच के दौरान उड़नदस्ता की टीम ने मुखबिर की सूचना पर लकड़ी जब्त की है।

# फर्जी बिल से 135 करोड़ रुपए का कारोबार, दो गिरफ्तार

डीजीजीआई ने की कार्रवाई, दिल्ली के बोगस कंपनी के नाम से फर्जी बिल बनाकर टैक्स चोरी कर रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ गुड्स एंड सर्विस टैक्स इंटिलिजेंस (डीजीजीआई) ने रायपुर को दो कारोबारियों को 135 करोड़ रुपए के फर्जी बिल जनरेट कर 24 करोड़ रुपए का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लाभ लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कारोबारियों पर दिल्ली की सेल कंपनियों के नाम से फर्जी बिलिंग कर टैक्स चोरी करने का आरोप है। डीजीजीआई की टीम ने अजय ट्रेडर्स तथा शुभम सेल्स के संचालक अजय सिंह तथा शुभम कुमार को टैक्स चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दोनों फर्म द्वारा 94 तथा 41 करोड़ रुपए के फर्जी बिलिंग कर इनपुट टैक्स क्रेडिट लाभ लेने का आरोप है। इनके द्वारा टीएमटी, एंगल तथा चेनल तथा अन्य उत्पाद करने की खरीदी दिखाई गई थी। डीजीजीआई ने दोनों फर्म के माल खरीदी के संबंध में पेश किए गए बिल की जांच की तो दस्तावेज सही नहीं पाए गए। दोनों फर्मों के दिल्ली के जिन लोगों से माल खरीदी करना दर्शाया था, उसके बारे में जानकारी जुटाई तो दिल्ली की कंपनी फर्जी होना पाया गया।

# तेलीबांधा रीक्रियेशन जोन बनेगा ईको फ्रेंडली प्लास्टिक कचरा डिस्पोज के लिए लगेगी मशीन

ध्वज के पास चंद्रयान की आकृति वाली मशीन जल्द



**रायपुर।** राजधानी के तेलीबांधा सरोवर के रीक्रियेशन जोन एरिया में अब प्लास्टिक का कूड़ा नहीं दिखेगा। इस परिसर को पूरी तरह ईको फ्रेंडली जोन के रूप में विकसित करने निगम से अनुबंधित कंपनी ईसीएचटी चंद्रयान की आकृति वाली नई मशीन लगायेगी। इस मशीन के लगने से ड्राइ प्लास्टिक वेस्ट और पेड़-पौधों के सूखे पत्ते का निष्पादन आसान हो जायेगा। कंपनी के डायरेक्टर राजीव सेंगर ने बताया कि मरीन ड्राइव में ध्वज के पास मशीन जल्द शुरू होगी। इससे आने वाले दिनों में रीक्रियेशन जोन एरिया जीरो प्लास्टिक वेस्ट एरिया के रूप में पहचाना जाएगा।

दरअसल, शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित तेलीबांधा सरोवर को रीक्रियेशन जोन के रूप में विकसित किया गया है। अनुबंधित एजेंसी ने लोगों की सुविधा के लिए योग जोन, बच्चों के लिए किड्स पार्क और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दांडी यात्रा के प्रसंगों पर केन्द्रित फ्रीडम फाइटर वॉल का निर्माण कराया है। परिसर में अलग से फूड जोन बनाया गया है। चूंकि सुबह से देर शाम तक लोगों का यहां आना-जाना लगा रहता है। साथ ही मार्निंग और इवनिंग वॉक करने नागरिक परिवार के साथ यहां पहुंचते हैं। इसे देखते हुए अनुबंधित एजेंसी ईसीएचटी ने पूरे परिसर को ईको फ्रेंडली जोन बनाने पहल की है। तालाब किनारे देश के सबसे ऊंचे ध्वज के पास वाले क्षेत्र में नई मशीन लगायी जाएगी। इससे प्लास्टिक कचरे का डिस्पोज समय-समय पर होता रहेगा। साथ ही मरीन ड्राइव एरिया साफ-सुथरा कर इसे ईको फ्रेंडली जोन के रूप में विकसित किया जाएगा।

### पंचायत सचिव के हड़ताल से पूरी व्यवस्था ढप



**रायपुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा बुधवार को पंचायत सचिव के हड़ताल में शामिल होकर जायज मांग नियमितीकरण का समर्थन किया और मानवीय आधार पर अतिशीघ्र मांग पूरा करने की शासन से आग्रह किया है। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि, पंचायत चुनाव तीन माह हो गया तब से लेकर आज तक पंचायत सचिव हड़ताल पर है, पंचायत का पूरा काम ढप पड़ा है, पंचायत को भारी समस्या से गुजरना पड़ रहा है, सभी पंचायतों में अभी मूल समस्या पानी का है, पंचायतों में लगातार आवास, राजीव गांधी कृषक न्याय योजना, महतारी न्याय योजना सहित पंचायत से संबंधित सभी योजनाओं का मांग की जा रही है। ऐसी स्थिति में भाजपा की राज्य शासन की सुशासन कार्यक्रम फ्लॉफ है बल्कि सचिवों के हड़ताल से पंचायत का पूरा काम प्रभावित हो रहा है, सुशासन के पहले पंचायत सचिवों की हड़ताल समाप्त करवाए ताकि पंचायतों का काम सुगमता से हो सकें। पंचायत सचिवों की नियमितीकरण की जायज है 30 साल से लगातार काम करते आ रहे हैं।

# आधार सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आधार सेवाओं के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। राज्य में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के बायोमैट्रिक आधार अपडेट की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित आधार संवाद कार्यक्रम में दिया गया।

- बच्चों के बायोमैट्रिक अपडेट के लिए मिला गौरव

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (फाइनेंस) तेनतु सत्यनारायण द्वारा यह सम्मान छत्तीसगढ़ को प्रदान किया गया। राज्य की ओर से छत्तीसगढ़ सदन के मनीष जोशी ने यह सम्मान ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि चिप्स, राज्य में नामांकन एजेंसी के रूप में कार्य करते हुए आधार से संबंधित सेवाएं प्रदान कर रही है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ सरकार की डिजिटल सेवाओं को सुदृढ़ एवं जन सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



### नक्सल प्रभावित व दूरस्थ क्षेत्रों में शिविर का आयोजन

चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मलिक ने बताया कि राज्य में 5 से 7 एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह सम्मान मिला है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशों के अनुरूप चिप्स द्वारा विगत एक वर्ष में राज्य के दूरस्थ एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 944 विशेष आधार शिविरों का आयोजन किया गया है, जिनमें 38,762 नागरिकों का आधार पंजीयन एवं अद्यतन किया गया।

# रामनगर में तीन हजार वर्गफीट में बिना अनुमति निर्माण, निगम ने तोड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम क्षेत्र में नगर निगम की अनुमति बिना निर्माण को लेकर निगम प्रशासन एलर्ट मोड में है। पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत के निर्देश पर अवैध निर्माण और नक्शा विपरीत निर्माण को लेकर कार्रवाई की जा रही है।

बुधवार को जोन 7 अमले ने रामनगर क्षेत्र में 3 हजार वर्गफीट जमीन पर बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण को तोड़ गिराया। रामनगर इलाके में बुधवार जोन 7 कमिश्नर रमाकांत साहू के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे और उप अभियंता रुचिका मिश्रा की उपस्थिति में 3 हजार वर्गफीट क्षेत्र में निगम से अनुमति लिए बिना किये जा रहे निर्माण को निगम अमले ने श्रीडी मशीन से तोड़ने की कार्रवाई की।

## यूजर चार्ज के रूप में करीब 40 करोड़ की वसूली

# 31 मार्च तक 287 करोड़ की वसूली, 1 महीना बढ़ाई मियाद, प्रापर्टी टैक्स वसूली 300 करोड़ पार की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमे को निगम आयुक्त ने 350 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है। महकमे ने 31 मार्च तक 285 करोड़ की राजस्व वसूली की है, जो कि निर्धारित टारगेट से 63 करोड़ रुपये कम है। करदाताओं की सुविधा के लिए राज्य शासन के 1 माह तक का समय प्रापर्टी टैक्स भुगतान के लिए अतिरिक्त दिया है। मियाद बढ़ने के बाद भी स्थिति ये है कि प्रतिदिन औसतन 30 से 35 लाख रुपए की राजस्व वसूली हो पा रही है। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि महीनाभर में वसूली का आंकड़ा 300 करोड़ के पार पहुंच सकता है। खास बात ये है कि डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिये जाने वाले यूजर चार्ज में इस बार करीब 40 करोड़ की वसूली प्रापर्टी टैक्स के साथ की गई, जो कि पिछली बार के यूजर चार्ज वसूली से 5 करोड़ रुपये ज्यादा है। दरअसल, नगरीय निकाय चुनाव सहित अन्य कारणों से राजस्व वसूली की रफ्तार इस बार जोर नहीं पकड़ पायी। निगम प्रशासन ने सरकारी अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली शिविर लगाकर करदाताओं को बकाया कर भुगतान की सुविधा दी। यही नहीं, निगम मुख्यालय में भी करदाताओं की सुविधा के लिए शनिवार और रविवार को प्रापर्टी टैक्स भुगतान के लिए सदर काउंटर खोले गए। निगम आयुक्त ने राजस्व वसूली की समीक्षा के लिए उपायुक्तों को जोन का प्रभार दिया, ताकि राजस्व वसूली में कोई कमी न रह जाए।

### राजस्व वसूली के लिए निजी एजेंसी लाने की तैयारी

शहरी सरकार निगम की राजस्व वसूली का काम निजी एजेंसी से कराने की तैयारी में है। इसके लिए सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव लाकर इसे मंजूरी दी गई है। महापौर मीनल चौबे और उनकी परिषद टैक्स वसूली का काम आने वाले दिनों में राजस्व महकमे से कराने की जगह इस कार्य के लिए निजी एजेंसी को जिम्मा देगी। विदित हो कि पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में राजस्व वसूली निजी एजेंसी से कराने का प्रस्ताव लाये जाने पर विपक्ष ने इसका विरोध करते हुए प्रस्ताव को एक सिरे से खारिज कर दिया था, लेकिन निगम की सत्ता में भाजपा की शहरी सरकार आने पर राजस्व वसूली निजी एजेंसी को देने की तैयारी है।

# भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप ने कार्यभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को नवा रायपुर स्थित बीओसी भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन एवं बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से 44 हजार 940 श्रमिको को 15.37 करोड़ रुपये डीबीटी के जरिये श्रमिकों के बैंक खाते में अंतरित की।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वन मंत्री केदार कश्यप खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल रमेश बैस (पूर्व राज्यपाल), विधायक धरमलाल कौशिक, रायमुनि भगत, पुरन्दर मिश्रा अनुज शर्मा श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, सचिव सह श्रमायुक्त, अलरमेलमंगई डी., छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सचिव, गिरीश कुमार रामटेके, अपर श्रमायुक्त एसएल जांगड़े एवं सविता मिश्रा सहित निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ-साथ श्रमिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### महावीर जयंती पर जैन समाज के युवाओं ने किया छाछ वितरण

**महासमुंद।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक के सुअवसर पर सकल जैन संघ के तत्वावधान में समाज के युवाओं का ग्रुप महावीर यूथ फाउंडेशन द्वारा इस भीषण गर्मी में शहर के नेहरू चौक में छाछ वितरण का आयोजन किया गया। भगवान महावीर के मूल मंत्र जियो और जीने दो एवं सर्व धर्म समभाव की भावना को लेकर इस छाछ वितरण का आयोजन किया गया था। लगभग 4000 लोगो ने इस भीषण गर्मी में छाछ का मजा उठाया, जैन समाज के लोगों ने हर किसी को चाहे वो पैदल हो, गाड़ी में, बस में, कार में खुद छाछ उन तक पहुचाया, सदस्यों ने छाछ वितरण के साथ स्वच्छता का भी ध्यान रखते हुए आयोजन स्थल पर कूड़ादान रखकर सभी से कचरा उसमें डालने की अपील भी की। इस आयोजन में मुख्य रूप से सौरभ मालू, श्रेयांश कोटड़िया, तन्मय लूनिया, वैभव बोथरा, शुभम चोपड़ा, जिनेश मालू, यशराज लूनिया, हर्षित बोथरा एवं नमन चोपड़ा का महत्वपूर्ण योगदान था।

### दादा नकुलदेव ढीढी की 111वीं जयंती कल

महासमुंद। दादा नकुलदेव ढीढी की 111वीं जयंती का कार्यक्रम 12अप्रैल शनिवार को स्थान भोरिंग चौक नगर पंचायत तुमगांव प्रतिमा स्थल में किया गया है। छत्तीसगढ़ के महान समाज सुधारक कांतिकारी विचारक गुरुघासीदास जयंती के जन्मदाता सामाजिक राजनैतिक, शिक्षा के लिए जन जागरण चलाने वाले दादा नकुलदेव ढीढी द्वारा 20वीं सदी में समाज में पुनर्जागरण के विचारों को जन जन तक पहुंचाने वाला सामाजिक समानता एवं प्रथम बार अपने गृह ग्राम भोरिंग में 18 दिसंबर 1938 में गुरुघासी गुरुघासीदास जयंती का आयोजन कर सामाजिक समानता एवं मानव मानव एक समान के संदेश देने तथा सन 1972में पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण हेतु सत्याग्रह कर जेल यात्रा करने वाले दादा नकुल देव ढीढी के जयंती कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र के पदाधिकारियों ने सामाजिक जनों को अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### लड़का बालिग था पर उम्र शादी के लायक नहीं

धमतरी। नगरी क्षेत्र के एक गांव से बारात डुबान के गांव में आने वाली थी। लड़का-लड़की दोनों ही बालिग थे, लेकिन लड़के की आयु 21 साल से कम थी। कानूनी तौर पर यह शादी बाल विवाह की श्रेणी में आती है। बाल संरक्षण की टीम ने इस विवाह को रूकवा दिया। गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की बाल संरक्षण इकाई को सूचना मिली कि डुबान क्षेत्र के एक गांव में बाल विवाह होने वाला है। जिला कार्यक्रम अधिकारी जगरानी एक्का एवं आनंद पाठक जिला बाल संरक्षण अधिकारी के निर्देश पर जिला स्तरीय टीम डुबान क्षेत्र पहुंची और पड़ताल की । लड़का एवं लड़की की मार्कशीट देखने पर पाया गया कि लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम है। विवाह 15 अप्रैल को होने वाली थी।

## पेज 11 के शेष

### महिलाओं ने ...

लचर कानून व्यवस्था, समाज या बेटियों का शारीरिक रूप से कमजोर होना, यह तमाम कारण इसके पीछे हो सकते हैं। सजा ऐसी हो कि दुबारा ऐसे जघन्य अपराध करने की हिम्मत किसी में न हो। छत्तीसगढ़ में लगातार छोटी छोटी बच्चियों के साथ रेप और हत्याएं हो रही है, माताएं,बहन और बच्चियां भी सुरक्षित नहीं है, अबोध बच्चियों के साथ घिनौने कृत्य स्वस्थ्य समाज के लिए बड़ी चुनौती है। कैंडल मार्च श्रद्धांजलि सभा में तारादेवी साहू, उर्वशी चन्द्राकर, पूजा चन्द्राकर, सरिता वर्मा, मीना साहू, ऊषा साहू, सावित्री साहू, अनिता साहू, उत्तरा पैकरा, करूणा चन्द्राकर, मालती वर्मा, काव्या वर्मा, गौरी ठाकुर, निर्मला वर्मा, विभा चन्द्राकर, दशोदा चन्द्राकर, कांती साहू, जमुना धीवर, हंशा धीवर, माही धीवर, रजमत यादव, ललिता यादव, सीमा यादव, त्रिलोका, भावना, तेजस्वी, खुशबू, राधिका, शशि साहू, पुष्प लता वर्मा, उर्मिला वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।





**आयोजन : हनुमान जन्मोत्सव से पहले समिति ने आयोजित किया कार्यक्रम**

# भगवाध्वज से भक्तिमय हुआ शहर, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

हिन्दू पर्व एवं हनुमान जन्मोत्सव समिति कसडोल इस वर्ष भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य एवं दिव्य विशाल श्रीराम हनुमान शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

गौरतलब है कि दोनों समिति इस बार एक होकर संयुक्त रूप से इस शोभायात्रा का संचालन कर रही थी, जिसका परिणाम आज देखने को मिला कि कसडोल नगर में आज इस शोभायात्रा को लेकर विशाल जनसमूह अपने घरों से निकल कर बढ़ चढ़कर अपनी उपस्तिथि दी। समिति के सदस्य पुनेश्वरनाथ मिश्रा और गणेश साहू ने बताया कि शोभायात्रा नगर की अधिष्ठात्री देवी मां महामाया मंदिर से ध्वज पूजन एवं झांकी पूजन पश्चात निकली, जो नगर के बजरंग चौक, बाजार चौक तथा मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए श्री हनुमान मंदिर गायत्री चौक पहुंची। इस वर्ष शोभायात्रा में जय मां महामाया झांकी समूह नागपुर की विशेष प्रस्तुति आकर्षक के केंद्र रही। साथ ही बाबा महाकाल हनुमान श्रीराम दरबार की भी झांकी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। इस शोभायात्रा में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर उपस्तिथि दी। शोभायात्रा के दौरान नगर के विभिन्न जगहों पर मंच के माध्यम से पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।

कसडोल के इतिहास में यह पहली बार सम्भव हुआ कि नगर ही नहीं अपितु पूरे अंचल से लोग इतनी विशाल जनसमुह एकता का परिचय देकर यात्रा में शिरकत किए। विधायक संदीप साहू ने कहा दो समितियों के तत्वावधान में भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई है जो नगर की शोभा बढ़ा रही है।





### महाआरती के साथ आतिशबाज भी हुई

वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन मिश्रा और मंडल अध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी ने बताया कि कसडोल नगर में यह शोभायात्रा खास है। इसमें नगर के सभी जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल, सज्जन शक्ति और महिलाओं युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ता है। शोभायात्रा के समापन स्थल हनुमानजी के मन्दिर में भव्य श्रीराम श्रीहनुमान की महाआरती के साथ भारतमाता की भी आरती पश्चात आतिशबाजी के साथ सम्पन्न हुआ, जो भारतभूमि के प्रति कसडोल की जनता का प्रेम प्रदर्शित करता है। समिति के सदस्य भावेश यादव व राकेश साहू ने बताया कि इस शोभायात्रा में समिति के सदस्यों द्वारा दो माह पूर्व तैयारी कर नगर को भगवा झंडा से सजाया गया। उक्त यात्रा में नगर के सभी वर्गों से सहयोग प्राप्त हुआ, जिसका प्रतिफल हिन्दू समाज का अपने सनातन धर्म के प्रति जागरूकता और अधिक बढ़ी है। निश्चित ही समिति के सदस्यों द्वारा अथक प्रयास व लगन के फलस्वरूप इतनी विशाल भव्य व दिव्य शोभायात्रा हुई है। समिति के सदस्य शैलेंद्र राव पवार ने बताया कि आगामी 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर गायत्री चौक स्थित हनुमान मंदिर में चालीसा पाठ, भजन संध्या कार्यक्रम, महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## हनुमान प्रकटोत्सव पर मेला एवं रामायण प्रतियोगिता प्रारंभ


**पवनी।** नगर पंचायत पवनी में बजरंग सेवा समिति के तत्वावधान में हनुमान प्रकटोत्सव पर तीन दिवसीय मेला एवं रामायणगायन प्रतियोगिता कलश यात्रा के साथ गुरुवार से प्रारंभ हुई। इसमें नगर की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा के बाद रामायणगान प्रतियोगिता प्रारंभ हुई, जो तीन दिन चलेगी। इसमें प्रथम पुरुस्कार 11111 रुपये पवनी ब्रायलर ग्रुप द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 7111 रुपये गणेश किराना स्टोर्स पार्षद वार्ड क्रमांक 5 द्वारा, तृतीय पुरुस्कार 5111 रुपये श्यामू साहू मंत्री भाजपा युवा मोर्चा द्वारा, चतुर्थ पुरस्कार 3111 रुपये मयंक कुमार द्वारा, पंचम पुरुस्कार 2111 रुपये हरीश साहू एलआईसी अभिकर्ता द्वारा प्रदान किया जाएगा। वहीं फाइनल के दिन



उपस्थित प्रत्येक टीम को 1100 रुपये सांत्वना पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा। रामायणगायन प्रतियोगिता 10, 11 व 12 अप्रैल को शाम 4 बजे से होगी। वहीं 12 अप्रैल को शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख गलियों से होते हुए हनुमान मंदिर में समाप्त होगी। गुरुवार से विशाल मेला का आयोजन प्रारंभ हुआ, जिसमें नगर पवनी सहित आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मेला स्थल पर रही। मेला में झूला आकर्षण का केन्द्र रहा। बता दे कि श्री बजरंग सेवा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष हनुमान प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण और भंडारा का आयोजन किया जाता है।

## हनुमान जयंती पर पंचग्रही योग, भक्तों में उत्साह

**खरोरा।** चैत्र शुक्लपक्ष पूर्णिमा 12 अप्रैल शनिवार को रामभक्त हनुमान की जयंती विशेष उल्लास के साथ मनायी जाएगी। पं. सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस बार शनिवार का दिन पड़ने और 57 वर्षों के बाद पंचग्रही योग होने के कारण हनुमान जयंती को और भी विशेष रूप से मनाया जाएगा। हस्तनक्षत्र पंचग्रही योग मीन राशि में बन रहा है। मीन राशि के स्वामी बृहस्पति है, जो इस समय शुक्र और बुद्ध के साथ स्थित है। सूर्य, शनि, राहु, शुक्र और बुद्ध के विशेष संयोग से यह धार्मिक आध्यात्मिक और ग्रह शांति के लिए अत्यंत फलदायक होगा। इससे पहले पंचग्रही योग 1968 में और बना था। हनुमानजी प्राकट्य उत्सव को हवन पूजन के साथ मनाना चाहिए। हनुमानजी को शिवजी का अवतार मानते हैं। वैसे भी भगवान विष्णुजी जब–जब इस धराधाम में प्राकट्य हुए हैं। तब-तब भोलेनाथ उनका परम भक्त बनकर प्राकट्य हुए हैं। जब श्रीहरि बद्रीनाथ बने, तो भोलेनाथ केदारनाथ बन गए। जब श्रीहरि राम रूप में प्रकट हुए तो भोलेनाथ हनुमान बन गए। जब श्रीहरि श्रीकृष्ण के रूप में प्राकट्य हुए, तो भोलेनाथ भिखारी बनकर के ब्रजभूमि दर्शन करने चले गए। हनुमानजी को सीताजी ने अष्टसिद्धि और नवनिधि का वरदान दिए हैं। 100 योजन समुद्र पर बिना आधार के उड़कर जाने वाला आज तक कोई भक्त नहीं हुआ है। हनुमानजी ने अक्षय जैसे दैत्य का भी क्षय कर दिये। हनुमानजी कलयुग में भी प्रत्यक्ष रूप से कई भक्तों को दर्शन दे चुके हैं। उनको प्रसन्न करना है, तो श्रीरामजी के चरित्र वर्णन गाईये हनुमानजी पहुंच जाते हैं। हनुमानजी को प्रसन्न करने का सरल उपाय है, तुलसीदासजी द्वारा लिखित 40 चौपाई में हनुमानचालीसा। इनकी श्रद्धा से पाठ करने से प्रभु श्रीरामचंद्रजी और हनुमानजी दोनों की कृपा बरसने लग जाती है। हनुमान चालीसा की पाठ की आवाज सुनकर भूतप्रेत बाधा सब दूर भाग जाते हैं।



- शनिवार को मनाई जायेगी जयंती, हो रही विशेष तैयारी

### हनुमान जन्मोत्सव पर होगा विविध कार्यक्रम

लवन। नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर ब्राह्मण पर में स्थित हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रातः 8 बजे भगवान का अभिषेक कर आरती एवं श्रृंगार किया जाएगा। 12 बजे महाआरती, मध्यान प्रसाद भोग प्रसादी का वितरण में होगा। शाम 5 बजे से महिला मंडल द्वारा सुंदर कांड का पाठ एवं रात्रि 7.30 बजे से हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। रात्रि 9 बजे आरती कर भगवान को विश्राम कराया जाएगा। उक्त जानकारी मंदिर के सर्वराकार अखिलेश मिश्रा ने दी है। भक्तों से अधिक संख्या में पहुंचकर दर्शन का लाभ लेने की अपील की गई है।



## पांच दिवसीय अखंड रामायण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। 10 अप्रैल को स्वर संगम मानस मंडली एवं रामदुला मानस मंडली एवं जय मां चितावर मानस मंडली एवं बाल गोपाल मानस मंडली एवं तुलसी के राम मानस मंडली एवं सीताराम मानस मंडली के टीकाकार ने टीका बताया हुए कहा कि वन में रामजी का हनुमान से मिलन हुए। रामचरित मानस के चतुर्थ सोपान किष्किंधाकांड में वनवास के दौरान दंडकारण्य वन में असुरों का नाश करते हुए भगवान पंपासर की ओर प्रस्थान करते हैं।

सीता की खोज में राम ऋष्यमूक पर्वत की ओर बढ़ते हैं। यहां राम-हनुमान मिलन, सुग्रीव-रामजी की मित्रता, बाली का उद्धार, सीता की खोज में वानरों का विभिन्न दिशाओं में प्रस्थान का विवरण आता है। इसके बाद समुद्र लांघकर सीता का पता लगाने के लिए जामवंत द्वारा हनुमान को उनका बल याद दिलाया जाता है। वन में रामजी जब सीता मां की खोज में घूम रहे थे तो उनकी मुलाकात हनुमानजी से हो गई। अपने प्रभु से मिलकर गदगद हुए हनुमान ने उनकी दोस्ती सुग्रीव से करा दी। पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन आयोजन में अध्यक्ष किशन लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, चमन मानिकपुरी, ज्ञानीक यादव, लता चंद्राकर, कलिंदरी चंद्राकर, कुमारी बाई चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आज मंच संचालक चमन मानिकपुरी आदि जुटे हुए है।





## मानस गान समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष, रंगमंच का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के पिटियाझर वार्ड क्रमांक 23 में मानस गान सम्मेलन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सम्मिलित हुए। उन्होंने भगवान श्रीरामचंद्र की पूजा कर समस्त क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित रंगमंच का लोकार्पण भी किया। रंगमंच लोकार्पण अवसर पर नपाध्यक्ष ने कहा कि रंगमंच निर्माण होने से सांस्कृतिक व सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए अब सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सहित विकास कार्यों को प्रमुखता से कराया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद भारती राजू चंद्राकर, पार्षद कमला सूर्यवंशी, मानस गान आयोजन समिति के राजेंद्र चंद्राकर, लेखराम साहू, नारायण साहू, यशवंत घाड़गे, प्रीतम चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, मनिहार यादव, मनीराम साहू, किसन साहू, अरविंद प्रहरे, दिनेश घड़गे आदि उपस्थित रहे।

**पुरी में कोसरिया पटेल समाज का वार्षिक अधिवेशन 13 को : पुरी।** कोसरिया पटेल (मरार) समाज बगौदराज का वार्षिक अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 13 अप्रैल रविवार को ग्राम पुरी में रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे देव पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से होगी।

### -: भवन/भूमि दावा आपत्ति :-

क्रमांक/51/रा.वि./न.पा./2025
बलौदाबाजार, दिनांक 07.04.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बलौदाबाजार नगरीय सीमाक्षेत्र वार्ड क्रमांक 05 स्थित भवन / भूमि खसरा न. 1209/36. 1209/37 जो कि नगर पालिका परिषद के मांग पंजी मे श्री मोहन लाल साहू पिता झाडूराम के नाम से दर्ज हैं। जिसको श्री मोतीलाल साहू पिता बिसेराम साहू के नाम से बिक्रीनामा अभीलेख द्वारा प्राप्त कर नामांतरण हेतु आवेदन मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है।

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 150 अंतर्गत नगरपालिका मांग पंजी में स्वामित्व के रूप में नामांतरण हेतु संबंधित प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते है, तत्संबंध में अध्यक्ष / मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विचार विमर्श किया जा सकता है, प्रकाशन के समयावधि पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी,**
**नगरपालिका परिषद, बलौदाबाजार**

## दो राज्यों के पेंशनर और कुष्ठ कर्मचारियों का सम्मेलन डोंगरगढ़ में 12 व 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पेंशनर और सेवारत कुष्ठ कर्मचारियों का दो दिवसीय संयुक्त सम्मेलन, मिलन समारोह छत्तीसगढ़ के प्रमुख धार्मिक नगरी और मां बम्लेश्वरी देवी के पावन धरा डोंगरगढ़ के होटल केसरी नंदन में 12 एवं 13 अप्रैल होगा। इस आयोजित सम्मेलन में दोनों राज्यों से लगभग 250 से 300 पेंशनर और कर्मचारी अधिकारी शामिल होंगे। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य प्रमोद तिवारी (महासमुंद) ने बताया कि छग प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, स्थानीय सांसद, विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष सही जिले के प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों को अतिथि के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि डोंगरगढ़ में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन समारोह में छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के सभी जिलों से कुष्ठ विभाग के पेंशनर और सेवारत कर्मचारी अधिकारी भाग लेने पहुंचेंगे। यह सम्मेलन 40 वर्ष पश्चात हो रहा है। कुष्ठ कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश का प्रथम बार समारोह 14 अक्टूबर 1984 को आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का संयुक्त सम्मेलन समारोह 12 एवं 13 अप्रैल 2025 को आयोजित किया जा रहा है इस आयोजन के दौरान दोनों राज्यों के पेंशनर, और सेवारत कर्मचारी अधिकारियों का आपसी मिलन ,कुशल क्षेम, व संवेदनात्मक पहलुओं पर चर्चा होने और साथ ही दोनों राज्यों में कुष्ठ रोग के उन्मूलन, विकृति निवारण के लिए वर्तमान आधुनिक सरलतम तरीकों पर भी चर्चा की जावेगी। और कुष्ठ रोगियों की सेवा में लगे कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। सभी समस्याओं का निराकरण के लिए शासन स्तर पर किए गए और किए जाने वाले प्रयासों के बारे में निर्णय लिए जाएंगे। सम्मेलन में मध्यप्रदेश से आरडी गर्ग, अशोक सिंह, विजय परसाई, घनश्याम चौधरी सही लगभग 100सदस्य इस सम्मेलन में पहुंचेंगे।

### नपाउपाध्यक्ष ने सुनी लोगों की समस्याएं

**महासमुंद।** सुशासन तिहार उत्सव 2025 के तीसरे दिन नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने लोगों की समस्याओं के साथ लिया। समस्याओं को लेकर शहर के लोग जागरूक है। प्रतिदिन 50 से अधिक आवेदन पालिका में जमा हो रहे है। लेकिन, आवेदन का निराकरण नगर पालिका के अधिकारियों को इमानदारी से करने की जरूरत है। राज्य की साय सरकार अलग से मानिटरिंग करा रही है। सरकार गंभीर है, आवेदनों के निपटारा के लिए 11 अप्रैल के बाद समस्याओं के निराकरण के साथ 5 मई से वार्डों में पहुंचकर समस्या का निराकरण किया जाएगा। इस दौरान हनीष बग्गा, रोशन बग्गा, शरद राव मराठा, गौरव राठी, गुलशन राठी, सिद्धार्थ साहू उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# प्रत्येक व्यक्ति प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाएं : इन्द्र साव

## रामनवमी पर आयोजित भव्य झांकी कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

रामनवमी पर ग्राम नवागांव में भव्य झांकी एवं शोभायात्रा निकाली गई। इस आयोजन में विशेष रूप से विधायक इन्द्र साव शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर ग्रामीणों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी और सभी से श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि जिस मर्यादा का भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में अनुपालन किया, वैसा ईश्वर के किसी अन्य अवतार में नहीं देखा गया। यही कारण है कि उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से जाना गया। जीवन के प्रत्येक कठिन पथ पर चलते हुए भगवान श्रीराम ने यही संदेश दिया है कि माता-पिता के वचन कभी टाले नहीं जाने चाहिए। अपने जीवन में उन्होंने प्राणी मात्र के प्रति जो स्नेह रखा वह भी अन्य अवतरणों में नही देखा गया। भाइयों के प्रति असीम प्रेम के साथ राज-पाठ को जीवन का आनंदोत्सव न मानने वाले प्रभु श्रीराम ने चौदह वर्ष के वनवास को ऐसे स्वीकार किया, मानो वह चौदह सेकंड की बात हो। कौशल्या माता के अलावा अपनी अन्य दो माताओं को उनके द्वारा दिया गया सम्मान उनकी आत्मा में समाई उस विचारधारा का सूचक है, जो निर्मल मन और निःस्वार्थ परिवार के प्रति समर्पण को दर्शाता है। प्रभु श्रीराम ने बालपन से लेकर राज तिलक तक अपनी नहीं बल्कि परिवार और अपनी प्रजा का ऐसा ख्याल रखा, जो आगे चलकर रामराज के रूप में प्रत्येक शासक के लिए एक बड़ा संदेश बन गया।



### भक्तों ने बाजे-गाजे और किया जयघोष

शोभायात्रा की शुरुआत नवागांव के मंदिर चौक से पूजा-अर्चना के साथ की गई। यात्रा गांव की गलियों से होते हुए संपन्न हुई, जिसमें भक्तों ने बाजे-गाजे और जयघोष के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। भव्य झांकियों ने प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों को जीवंत किया, जिन्हें देखने बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एकत्र हुए। इस अवसर पर ग्राम सरपंच नीरा धर्मेंद्र कोसले, उपसरपंच शिव प्रसाद साहू, रिखी राम, पं. लक्ष्मीकांत तिवारी, पं. तरुण चौबे, जीवन साहू, मुन्ना साहू, राजेंद्र साहू, शिव, संतोष सेन नरसिंह, कुंभकरण अंगद साहू, अनिल, लोकनाथ, पुनीत साहू, दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### च्वाइस सेंटर संचालक से 20 हजार की ठगी

**महासमुंद।** जिले के सरायपाली में एक च्वाइस सेंटर संचालक ने एक लड़की ने फोन पे के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करवाने के बात कहकर 20 हजार रुपए नगद की ठगी कर ली। मामले में प्रार्थी ने सरायपाली थाने में अज्ञात लड़की के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सरायपाली पुलिस को प्रार्थी प्रकाश नायक पिता भोगीराम नायक अपनी शिकायत में बताया कि वह श्री सांई कंप्यूटर का प्रोपराईटर है और च्वाइस सेंटर का संचालन भी करता है। 7 अप्रैल को एक अज्ञात लड़की लगभग 11:54 बजे आई और बोली कि मुझे रुपये की आवश्यकता है, फोन पे नहीं चलाती हूं। मैं अपने रिश्तेदार से 20000 रुपए मांग कर आपके फोन पे पर डलवा देती हूं, आप मुझे नगदी रकम दे देगें। अज्ञात लड़की के कहने पर च्वाइस सेंटर संचालक ने उसे अपना फोन पे नंबर दिया। लगभग दो घंटे बाद मोबाईल नंबर के धारक भरत भूषण पटेल ने प्रार्थी मोबाईल नंबर में फोन कर कहा कि अज्ञात लड़की मोबाईल नं के धारक द्वारा खाता में 20000 रुपए ट्रांजेक्शन करने के लिये कहे जाने पर ट्रांजेक्शन करना बताया, लेकिन वह रकम होल्ड हो गया। प्रार्थी ने बताया कि अज्ञात लड़की द्वारा मेरे साथ 20000 रुपये ठगी की गई है ।

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चखना सेंटर संचालक पर अवैध रूप से शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि रमेश सतनामी निवासी बेलसोंडा अपने चखना सेंटर सितली नाला देशी शराब दुकान के सामने महासमुंद में लोगों को अवैध रूप से शराब पीने-पिलाने की सूविधा उपलब्ध करा रहा है। मामले पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## आयोजन : साहू समाज ने निकाली कलश यात्रा और मनाई कर्मा जयंती

# भक्त माता कर्मा भक्ति एवं शक्ति का है प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

साहू समाज नगर पलारी के तत्वावधान में गुरुवार को नगर के ठाकुर देव चौक में भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई। सुबह से ही समाज की महिलाओं ने नगर मे भव्य कलश यात्रा उत्साह के साथ निकाली, जिसमें मातृशक्ति महिलाएं एवं बालिकाएं कलश धारण कर ग्राम के समस्त देवी देवताओं का आह्वान करते हुए वापस ठाकुर देव चौक पहुंचे, जहां समस्त अतिथियों ने भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर स्तुतिगान किया। अथितियों के स्वागत पश्चात, सामाजिक संदेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया, इसमें मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा भक्त माता कर्मा भक्ति एवं शक्ति का प्रतीक है, भगवान श्री कृष्ण के अनन्य भक्त माता कर्मा को भगवान श्रीकृष्ण ने साक्षात दर्शन दिए। भक्त माता कर्मा का जीवन निष्ठा, बलिदान और भक्ति की मिशाल हैं। उन्होंने शोषित एवं पीड़ितों के लिए जो संघर्ष किया उससे समाज गौरवान्वित है, हम सभी उनके त्याग, तपस्या एवं बलिदान को ग्रहण करें तथा मर्यादित जीवन जीने का प्रयास करना चाहिए इस अवसर पर सरक्षक बृजमोहन साहू, अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष मुंशी साहू, कुंती साहू, सचिव सोहन साहू, कोषाध्यक्ष राजेंद्र साहू, सहसचिव तोषण साहू, अंकेक्षण पिलाराम साहू, तारा देवी साहू, साधराम साहू, दौलत साहू, लखन साहू, बहुरसिंग साहू, ऋषि साहू, श्याम सुंदर साहू, जीवन साहू, जयकुमार साहू, मोनिका साहू, रूखमणी साहू, सुखनिया साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, मन्नू साहू, जयलाल साहू, संतोष साहू, देवप्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।



### समाज में अहंकार का कोई स्थान नहीं

समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कर हम उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, हमारी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। समाज में व्याप्त बुराइयों और रूढ़िवादी रीति रिवाज को दूर करने का आव्हान किया। नगर साहू संघ के अध्यक्ष गोपी साहू ने बताया कि भक्त कर्मा माता सदा भक्ति और शक्ति का प्रतिक रही है तथा समाज में अहंकार का कोई स्थान नहीं।

### समाज की एकता और प्रगति के लिए शिक्षा को देनी होगी प्राथमिकता

अध्यक्षता कर रहे तहसील अध्यक्ष रोहित साहू ने कहा कर्मा जयन्ती हम सभी के लिए एक प्रेरणा का अवसर है। यह पर्व हमें परिश्रम, सेवा और समर्पण की सीख देता है। समाज के विकास के लिए हमें संगठित होकर रहना होगा। विशिष्ट अथिति विरेन्द्र साहू व मिथलेश मुकेश साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू सघ, महेंद्र मोनू साहू सचिव, दतान परिक्षेत्र अध्यक्ष गणपत साहू और रोहांसी परिक्षेत्र अध्यक्ष सीताराम साहू ने कहा, साहू समाज की एकता और प्रगति के लिए हमें शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी।

## रामायण प्रस्तुति पर राममय हुआ ग्राम मोहरा



**हिरमी-रावन।** श्रीराम भक्त परिवार नंदन नंदन मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासी मोहरा के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन हिंदू नववर्ष, रामनवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित किया गया, जिसमें श्रीमान मंडली ने भक्तिपूर्ण श्रीराम चरित मानस का पाठ प्रस्तुत किया। समारोह में विभिन्न स्थानों से आई रामायण मंडलियों ने भाग लिया और अपने मधुर गायन तथा भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रोताओं को भावविभोर किया। इस आयोजन के अंतर्गत प्रत्येक मंडली को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 701 की राशि दी गई। यह पुरस्कार मोहरा ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक सनत सेठ के हाथों उपस्थित टोली को प्रदान किया गया। मंच पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ उन्होंने सभी टोलियों का उत्साहवर्धन किया। इसमें ग्रामीण सहित दूर–दूर से आए श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित थे। मंच को भव्य रूप से सजाया गया था, साथ ही रामायण से संबंधित चित्रों और झांकियों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। श्रीराम भक्त परिवार मोहरा का यह आयोजन सामाजिक समरसता एवं धार्मिक जागरूकता की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास सिद्ध हुआ। आयोजकों ने सभी आगंतुकों, मंडलियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करते रहने का संकल्प लिया।

## निधन

### राजरानी सलूजा


**सिमगा।** नगर के वरिष्ठ नागरिक



राजरानी सलूजा 75 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी के किनारे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वह सोनू माया एवं मनीष सलूजा की माता तथा पार्षद मनीषा सलूजा की सासू मां थीं। अंतिम यात्रा में नगर एवं आसपास के प्रबुद्धजन शामिल हुए।

### बुधराम वर्मा

**मुंडा।** ग्राम कोलिहा निवासी



बुधराम वर्मा 85 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बड़े तालाब में किया गया। वह शिवकुमार वर्मा, शिव कुमारी वर्मा, उत्तरा शैल कुमारी, नंन कुमारी वर्मा के पिताजी थे। अंतिम संस्कार में बरनलाल वर्मा, सियाराम वर्मा, बद्री प्रसाद वर्मा, शीतल वर्मा, रूप सिंह वर्मा, हरि वर्मा, तुलाराम वर्मा, रवि नारायण वर्मा, सूमेर वर्मा, जोगेंद्र वर्मा, सहित ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

### शिवा निषाद

**हथबंद।** ग्राम मनोहरा निवासी



शिवशंकर शिवा निषाद जिनका सड़क दुर्घटना में निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम निज निवास गांव मनोहरा के श्मशान घाट में 9 अप्रैल को किया गया। शिवा निषाद शिवसेना के जिला प्रवक्ता थे, जिनके निधन पर शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष धनंजय परिहार समेत पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है। उनके निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके अंतिम संस्कार में शिवसेना प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, सहसचिव कामता प्रसाद निर्मलकर, उपाध्यक्ष डुपेश देवांगन, जिला कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चतुरे, किसान सेना जिला उपाध्यक्ष राजु मानिकपुरी आदि शामिल हुए।

# तमोरी के ग्रामीणों ने रखी स्वतंत्र पंचायत की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

प्रदेशभर में सुशासन तिहार का पर्व मनाया जा रहा है। यह पर्व का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक है, जिसमें ग्रामीण शिकायत एवं मांग आवेदन प्रस्तुत कर अपनी बात रख सकते हैं। इसका मकसद जनता की समस्याओं का समय पर हल करना है। सरकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन और विकास कार्यों में तेजी लाना लोग अपनी शिकायतें व समस्या सुझाव समाधान पेटी में आवेदन डाल सकेंगे, फिर निर्धारित समय के पश्चात इसका निराकरण कर किया जाएगा। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत खपरी भ, भवानीपुर, मोहान, रीवाडीह, गिधपुरी, मलपुरी, बिजराडीह, देवगांव, तेलासी, हरिनभट्ठा, कुची आदि ग्राम पंचायत में सुशासन तिहार के तहत शिविर आयोजित किया गया है।

ग्राम खपरी भ में लगभग 200 आवेदन विभिन्न विभागों के लिए प्राप्त हुए हैं, जिसमें ग्राम पंचायत खपरी भ के आश्रित ग्राम तमोरी के ग्रामीण द्वारा स्वतंत्र पंचायत की मांग प्रमुखता से रखी गई है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदना, साइकिल सिलाई मशीन भूमिहीन ग्राम में सीसी रोड नाली निर्माण, तालाब पचरी निर्माण, नया हैंड पंप खनन, निराश्रित पेंशन आदि की मांग आवेदन प्रस्तुत कर गांव के विकास के लिऐ अपनी बात रखे है। इस अवसर पर सरपंच दिनेश कुमार मारकंडे, पटवारी लक्ष्मी छिदेहा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बुधवनती ढीढी, हीना कुर्रे, रुक्मणी चद्राकर, मितानिन प्रीति झा, रेखा डहरिया, जीवन जांगड़े, लीला घृतलहरे, गेशवरी कुर्रे, दयावती राजकुमार बघेल धनराज बारले रामू निषाद दूजराम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# मंत्री टंकराम ने शिक्षक फागुराम को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



मुख्यमंत्री गौरव अलंकार योजना अंतर्गत उत्कृष्ट प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला 2024 का सम्मान बलौदाबाजार ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक खम्हरिया के प्रधान पाठक फागुराम जलहरे को दिया गया। बलौदाबाजार के ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा द्वारा जिला प्रशासन के अला अधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती सहायक संचालक बी. आर पटेल एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। फागुराम जलहरे ग्राम डोटोपार निवासी है, जो की पूर्व में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लिमाही खजुरी में अपनी सेवा दे चुके हैं। उन्हें यह सम्मना शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। सम्मानित किये जाने पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार राजेंद्र टंडन सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कैलाश कुमार साहू, बीआरसीसी अविनाश तिवारी, लेखापाल संतोष वैष्णव, संकुल प्राचार्य भारती मड़रिया संकुल समन्वयक अमृतलाल बंजारे, प्रधान पाठक धनश्याम प्रसाद साहू, श्याम ध्रुव डीलूराम साहू, अराधना वर्मा, शिक्षक देवश्री साहू, लोकेशचंद्र कनौजे, हेमकुमार धीवर सुमन बघेल, प्रदेश शिक्षक संघ चेतन बघेल, मुन्ना लाल मनहरे, ओमप्रकाश कोशले, लक्ष्मी ध्रुव, नमिता यदु, सुदर्शन यादव, भगवान ध्रुव, अभिषेक जायसवाल, देवेंद्र साहू, अजय वर्मा, कुसुम ब्राम्हणकर, चित्ररेखा साहू, सरपंच मनमोहन घृतलहरे, मनोज डहरिया, समति के अध्यक्ष अभिमन्यु लाल साहू, जीवन ज्योति व संकुल के शिक्षको ने हर्ष व्यक्त किया।

## श्याम स्कूल में हुआ प्रवेशोत्सव का आयोजन

**महासमुंद।** श्याम विद्या मंदिर/उमा विद्यालय/ श्याम इंग्लिश मिडियम स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों एवं पूर्व प्रवेशित विद्यार्थियों को गुलाल, तिलक, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थापक हेमंत चद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर प्राचार्य तेजबहादुर सिंह प्रधानाचार्य मीना राजपूत एंव शिक्षकगण कोमल देवांगन, अमित लामा, महेश्वरी साहू, एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

दतान आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। पोषण पखवाड़ा के गतिविधियों में गोदभराई अन्नप्राशन व हाथ धुलाई शामिल था। कार्यक्रम में पांच गर्भवती माताओं की गोंद भराई की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच ग्राम पंचायत दतान अन्जली फेकर और जनपद सदस्य जामवंती साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सुपर वाईजर सविता साहू, समस्त मितानिन सहित ग्रामीणजन शामिल हुए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलकमल शर्मा, झुम्मन बार्ले, रेखा बघेल, सुनीत डान्डेकर, दुकलहीन वर्मा, सहायिका सतरूपा वर्मा, सावित्री मुन्नी वर्मा, नीरा वर्मा, नीतू



फेकर, मीरा साहू, अनिता रानी वर्मा, हेमकुमारी ध्रुव, मधु फेकर लता सरपंच प्रतिनिधि पुरूषोत्तम फेकर, जनपद प्रतिनिधि नीलकमल साहू, राजेश वर्मा, विद्या आकांक्षा जोहानी रात्रे क्षमेश्श्री साहू, सुनीता वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आवेदन समाधान पेटी में 11 अप्रैल तक डाले

# नगर में गुब्बारा रैली निकाल दिया सुशासन तिहार का सन्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



सुशासन तिहार को जन –जन तक पहुंचाने व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में गुरुवार को ग्राम पंचायत बालौदी में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने गुब्बारा रैली निकाल कर सुशासन तिहार के बारे में लोगों को जागरूक किया। महिलाओं ने हाथों में लिए गुब्बारे को आसमान में छोड़े। इस दौरान एसडीएम दीपक निकुंज, जनपद सीईओ पीएल ध्रुव, तहसीलदार चुम्मन ध्रुव भी मौजूद थे। ग्राम पंचायत बालौदी के प्रयास स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गुब्बारा रैली निकालने के पश्चात ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी को भी गुब्बारे से सजाया गया था। समूह की दीदियों ने उपस्थित महिलाओं को सुशासन तिहार आयोजन के बारे में बताते हुए कोई भी समस्या या मांग हो तो बेझिझक अपना आवेदन समाधान पेटी में 11 अप्रैल तक जरूर डालने और सुशासन तिहार में सहभागी बनने कहा गया। इसके साथ ही घर जाकर परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों को भी सुशासन तिहार के बारे में बताने कहा गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही श्रीमती गायत्री कन्नौजे को गृह प्रवेश कराया गया। गायत्री ने अपने नवनिर्मित आवास का पूजा अर्चना कर एवं फीता काट कर सपरिवार गृह प्रवेश किया।





23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)

राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411